हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

11 सितंबर 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार:</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि 18 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक और सार्थक चर्चा होगी।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा 17 सितम्बर से शुरू होने वाले सेवा संकल्प अभियान के दौरान विकसित भारत के निर्माण में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

3. श्री नायब सिंह ने प्रदेश के प्रत्येक परिवार से 17 सितंबर को शाम 7 बजे अपने घर में 'आशीर्वाद का दीया' जलाने का आह्वान किया।

4. हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने नगर निगम पंचकूला में वित्तीय अनियमितता एवं सरकारी धन के गबन के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया।

5. कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने हिसार जिले के गांव सातरोड़ खास के राजकीय कन्या विद्यालय में पुस्तकालय, शौचालय एवं शेड का उद्घाटन किया।

------------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि 18 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक और सार्थक चर्चा होगी और इसका मार्गदर्शक उद्देश्य विश्व कल्याण होगा। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि भारत मंडपम में आयोजित होने वाले दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, भारत, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात सहित ग्यारह प्रमुख उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं एक साथ आएंगी। इस वर्ष ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का विषय - "लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण" है।

------------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 7 अक्तूबर को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर को उनके जन्मदिवस से 17 अक्तूबर, तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जाएगा।

आज पंचकूला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य उनकी राष्ट्र निर्माण की ऐतिहासिक यात्रा को जन-जन तक पहुंचाना और विकसित भारत के निर्माण में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में श्री मोदी का 25 वर्ष का कार्यकाल सेवा, सुशासन, संकल्प और राष्ट्र निर्माण का प्रेरणादायी अध्याय है। उन्होंने राजनीति की कार्य-संस्कृति को बदलकर यह साबित किया है कि यदि नेतृत्व की नीयत साफ हो, नीति स्पष्ट हो और संकल्प मजबूत हो, तो आम नागरिक के जीवन में असाधारण परिवर्तन लाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने श्री मोदी की प्रधानमंत्री के रूप में उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने युवा शक्ति को आशा, नवाचार, आत्मनिर्भरता और उद्यमिता से जोड़ा।

उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया ने युवाओं को निर्माण और नवाचार के नए अवसर दिए हैं।मुख्यमंत्री ने  कहा कि हरियाणा श्री मोदी की कर्मभूमि रहा है। इसलिए, हरियाणा से उनका विशेष लगाव है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 अक्तूबर को सेवा संकल्प अभियान के समापन  पर देशभर से लगभग सवा लाख सरपंच और अन्य जन-प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें हरियाणा के भी हजारों जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष पूरे हुए हैं, लेकिन यह पड़ाव विराम नहीं—विकसित भारत के संकल्प की अगली शुरुआत है।

----------------------------------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में गरीब कल्याण के लिए लागू की गई नीतियों और योजनाओं के परिणामस्वरूप लगभग 25 करोड़ देशवासी गरीबी रेखा से बाहर आए हैं।

पंचकूला में एक पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों का मुकाबला करने के लिए न कोई नीति है, न मुद्दा और न ही कोई ठोस एजेंडा है। जबकि देश की जनता प्रधानमंत्री के 25 वर्षों की निरंतर सेवा, त्याग और तपस्या की साक्षी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि काँग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है और अब उनके पास प्रधानमंत्री को अपशब्द कहने के अलावा कुछ नहीं बचा है।

एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में सत्ता में आने से पहले आम आदमी पार्टी की सरकार ने प्रदेश को नशामुक्त करने के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन आज नशे से परेशान एक बेबस पिता को सुनवाई न होने पर जान गवानी पड़ी।

'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि '17 सितंबर को रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे और शाम को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम होगा। उन्होंने प्रत्येक परिवार से 17 सितंबर की शाम 7 बजे अपने घर में 'आशीर्वाद का दीया' जलाने का आह्वान किया।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पंचकूला कार्यालय की टीम ने नगर निगम पंचकूला में पंचकूला के सेक्टर 11 स्थित कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारियों के साथ मिलकर करोडो रुपए की वित्तीय अनियमितता एवं सरकारी धन के गबन के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंजाब में मोहाली निवासी समर मोहन रंगा रूप में हुई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

इससे पहले इस मामले में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 9 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और इनके विरुद्ध अदालत में चालान भी पेश हो चुका है। उल्लेखनीय है कि जांच में बैंक रिकॉर्ड और नगर निगम के रिकॉर्ड के बीच राशि में भारी अंतर पाया गया और कई गंभीर विसंगतियां सामने आईं हैं। इसके अतिरिक्त कुछ ऐसे बैंक खाते भी सामने आए जो नगर निगम के आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज नहीं थे।

आरोपी समर मोहन रंगा फरार चल रहा था। आरोपी द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर नगर निगम पंचकूला के बैंक खाते से अपनी पत्नी नेहा समर रंगा के संयुक्त बैंक खाते में करीब 5 करोड़ 19 लाख रुपये की सरकारी राशि अनधिकृत रूप से हस्तांतरित करवाने का आरोप है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने आज हिसार जिले के गांव सातरोड़ खास के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पुस्तकालय, शौचालय एवं शेड का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर श्री गंगवा ने स्कूल की छात्राओं को नई और आधुनिक सुविधाओं से युक्त पुस्तकालय के लिए शुभकामनाएं दी।

मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की अधिकतर मांगें मान ली गई हैं।

दक्षिण हरियाणा विद्युत वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता विनीत कुमार ने मीडिया को बताया कि कहा कि बिजली विभाग के कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी निधि से लगभग 50 लाख रुपए की लागत से स्कूल में यह सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------------